नया इंडिया
राजस्थान
भीलवाड़ा

फटाफट

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की मनाई जयंती, समाज की एकता और शिक्षा पर दिया जोर

भीलवाड़ा। लोकमाता पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के पावन अवसर पर हरनी महादेव स्थित उनकी प्रतिमा पर गाडरी समाज द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध जनों ने लोकमाता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शंकर लाल गाडरी ने लोकमाता के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता अहिल्याबाई केवल एक शासक नहीं, बल्कि न्याय, धर्म, कुशल प्रशासन और नारी शक्ति की वैश्विक प्रतीक थीं। उन्होंने उस दौर में देश में सांस्कृतिक चेतना जगाई और जनकल्याण के ऐतिहासिक कार्य किए। शंकर लाल गाडरी ने समाज के विकास का मूलमंत्र देते हुए शिक्षा को प्रगति की चाबी बताया। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता युवाओं और बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाना होनी चाहिए। आज हमारे प्रतिभावान युवाओं को सिर्फ नौकरियां तक सीमित न रहकर कड़ी मेहनत से IAS, IPS जैसी देश की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवाओं और व्यापार के क्षेत्र में अपना परचम लहराना होगा। जब हमारा युवा नेतृत्व करेगा, तभी समाज का वास्तविक उत्थान होगा। इसके लिए पूरी कौम को आपसी मतभेद भुलाकर एकता के साथ आगे आना होगा। कार्यक्रम में बनेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नारायण लाल गाडरी ने समाज को संगठित रहने तथा पूर्व युवा जिला अध्यक्ष जगदीश गाडरी ने युवाओं से समाज हित में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर भोलू गाडरी, बद्री गाडरी, नारायण गाडरी मलोला, पूरणमल गाडरी, गोपाल गाडरी, भेरू गाडरी सहित समाज के सैकड़ों वरिष्ठ जन व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

भीलवाड़ा। शहर के आर सी व्यास सेक्टर 1 स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास पंडित ललित शास्त्री (दाधीच) ने संगीतमय कथा के दौरान समुद्र मंथन, मोहिनी अवतार, भक्त ध्रुव-प्रह्लाद चरित्र, वामन अवतार और राजा बलि की कथाओं का मार्मिक वर्णन किया। मुख्य प्रसंग की व्याख्या करते हुए व्यास पीठ से शास्त्री जी ने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार का प्रभाव बढ़ता है, तब-तब भक्तों के उद्धार और धर्म की स्थापना के लिए भगवान अवतार लेते हैं। इसी क्रम में भगवान श्रीकृष्ण भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में प्रकट हुए। इस दौरान एक छोटे बालक को बाल मुकुंद का मनमोहक रूप सजाया गया। कथा के मुख्य यजमान सोहन-अंजली वैष्णव, मयंक, दिव्या, आंचल, निहारिका, देविना, दीपांशी, प्रियदर्शन, यश और लव कुमार सविता ने जन्मोत्सव की खुशी में सभी भक्तों को रसमलाई, माखन-मिश्री, टॉफियां और खिलोने वितरित किए। कथा में सत्यनारायण बिंदल, भंवर दरगड, राधेश्याम पाटीदिया, उस्ताद श्याम पूरी, सुमित्रा दरगड, कला न्यात्ति, संतरा देवी सोनी, मंजू शर्मा, गायत्री, बीना, हेमा और मीना सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्ति रस का आनंद ले रहे हैं। सोमवार को कथा के दौरान गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया जाएगा।

अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर छाछ का हुआ वितरण

भीलवाड़ा। शहर के पुर रोड स्थित पुराने विशाल मेगा मार्केट के सामने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और सेवा भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गाड़री समाज के युवाओं ने अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और पूरे सर्कल की आकर्षक सजावट कर उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया। जयंती समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कड़े पहरे के बीच हुई स्कूल लेक्चरर परीक्षा, सुरक्षा के लिए काटे रक्षासूत्र और बटन

लेट आने वाले अभ्यर्थियों को नहीं दिया प्रवेश, दो पारियों में 65 फीसदी अभ्यर्थियों की रही उपस्थिति।



भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से आयोजित स्कूल लेक्चरर, लेक्चरर एग्रीकल्चर और कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025 रविवार को भीलवाड़ा शहर में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शुरू हुई। परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए आयोग ने इस बार सुरक्षा के बेहद सख्त नियम लागू किए। परीक्षा केंद्रों पर तैनात सुरक्षाकर्मियों और उड़नदस्तों की मुस्तैदी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गहन चेकिंग के दौरान अभ्यर्थियों के हाथों में बंधे धार्मिक रक्षासूत्र (धागे) तक काट दिए गए। हद तो तब हो गई जब नियमों की कड़ाई के कारण एक महिला अभ्यर्थी की जींस में लगा मेटल का बटन भी काटना पड़ा। इसके बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र के भीतर जाने की अनुमति मिल सकी। आयोग के कड़े नियमों के मुताबिक परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से पहले ही मुख्य द्वार पूरी तरह बंद कर दिए गए। इसके बाद पहुंचे लेट-लतीफ अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा से वंचित रहने के कारण कई अभ्यर्थी केंद्रों के बाहर ही रोते-बिलखते नजर आए। उन्होंने अंदर जाने के लिए ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों से हाथ जोड़कर मिन्नतें कीं, लेकिन अधिकारियों ने उच्चाधिकारियों के आदेशों और नियमों का हवाला देते हुए उन्हें प्रवेश देने से साफ इनकार कर दिया। कोई सुनवाई न होने पर इन अभ्यर्थियों को मायूस होकर परीक्षा केंद्र से वापस लौटना पड़ा। यह परीक्षा रविवार को दो अलग-अलग पारियों में आयोजित की गई, जिसमें अभ्यर्थियों की उपस्थिति का गणित मिला-जुला रहा। सुबह 10:00 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित पहली पारी (जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज) में कुल 6308 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 4155 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 2153 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार पहली पारी में कुल उपस्थिति 65.87 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं, दोपहर 02:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक चली दूसरी पारी (हिंदी – 01) में कुल 2956 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 1904 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 1052 अभ्यर्थी गैर-हाजिर रहे। दूसरी पारी का कुल उपस्थिति प्रतिशत 64.41 रहा। राजेंद्र मार्ग विद्यालय के प्रिंसिपल एवं परीक्षा केंद्र प्रभारी राजेंद्र सिंह गहलोत ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया समय पर शुरू कर दी गई थी। सभी सेंटर्स पर अभ्यर्थियों की एंट्री से पहले उनके एडमिट कार्ड और पहचान संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच की गई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से फ्रिस्किंग (तलाशी) करने के साथ-साथ पूरी चेकिंग प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

ई-सिगरेट नेटवर्क का पर्दाफाश, पुलिस ने फैंसी स्टोर संचालक को दबोचा

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

युवाओं के बीच तेजी से पैर पसार रहे प्रतिबंधित ई-सिगरेट के काले कारोबार के खिलाफ भीमगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने बाहला क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर एक मकान पर छापा मारकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित ई-सिगरेट का स्टॉक बरामद किया है। इस औचक कार्रवाई से शहर के अवैध नशा कारोबारियों और तस्करों के सिंडिकेट में हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए भीमगंज थाना प्रभारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने एक्शन लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि बाहला क्षेत्र में अरोड़ा समाज के एक मकान में भारी मात्रा में प्रतिबंधित ई-सिगरेट का स्टॉक छुपाकर रखा गया है, जिसे शहर के युवाओं को ऊंचे दामों पर खपाया जा रहा था। पुलिस टीम ने जब चिन्हित मकान पर सघन तलाशी अभियान चलाया, तो वहां का नजारा चौंकाने वाला था। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध सामग्री जब्त की, जिसमें 36 अत्याधुनिक ई-सिगरेट, 09 ई-सिगरेट पेन और 57 ई-सिगरेट रिफिल शामिल हैं। इस अवैध धंधे को संचालित करने के आरोप में पुलिस ने सदिक की हॉटल के पास 'अरोरा फैंसी स्टोर' के संचालक आशीष पुत्र राजेंद्र अरोरा को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी फैंसी स्टोर की आड़ में इस घातक और प्रतिबंधित सामग्री की अवैध बिक्री कर रहा था। शुरुआती तफ्तीश में सामने आया है कि यह नेटवर्क काफी समय से चोरी-छिपे सक्रिय था।

बारिश से प्रशासन और मंडी प्रबंधन की लापरवाही आई सामने

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीती रात भीलवाड़ा शहर सहित आस-पास के इलाकों में तेज आंधी के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने एक तरफ जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर नगर परिषद और प्रशासनिक दावों की पोल खोलकर रख दी है। बीती रात शहर में करीब पौन इंच बारिश दर्ज की गई। इस अचानक आए मौसम के बदलाव के बाद शहर का अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रातभर हुई तेज बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम के इस रौद्र रूप के बीच सबसे बड़ा हादसा शहर की बालाजी खेड़ा कच्ची बस्ती में सामने आया, जहाँ तेज हवाओं और बारिश के दबाव के कारण एक मकान के बरामदे की छत अचानक ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो गई। गनीमत यह रही कि छत गिरने की आहट मिलते ही अंदर मौजूद परिवार के लोग तुरंत घर से बाहर की ओर भाग निकले, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई। इसके अलावा, तेज बारिश के चलते शहर के प्रमुख रेलवे अंडरब्रिज पानी से लबालब भरकर तालाब में तब्दील हो गए, जिसमें कई दुपहिया वाहन और कारें बीच रास्ते में ही फंस गईं। वाहन चालकों को भारी मशक्कत के साथ वाहनों को धक्का मारकर बाहर निकालना पड़ा, जिसके कारण घंटों तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। प्रकृति की इस मार के बीच मंडी प्रशासन की घोर लापरवाही ने कृषि उपज मंडी के हालातों को बद से बदतर बना दिया। मंडी परिसर में पुख्ता इंतजाम न होने के कारण शेड के बाहर खुले में पड़ा टनों अनाज बारिश के पानी में भीगकर पूरी तरह खराब हो गया, जिससे [illegible] को भारी आ र्थि क नु क सा न उठाना पड़ा है।

आधुनिक व वैज्ञानिक खेती अपना कर आत्मनिर्भर बने किसान : चौधरी

भीलवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों, जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री तथा नवनियुक्त भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष केलाश चौधरी रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक जबर सिंह सांखला, उदयलाल भड़ाना, लादू लाल पितलिया, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री रेवत सिंह राजपुरोहित और प्रदेश कार्यालय मंत्री सत्येंद्र त्यागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद सुभाष चंद्र बहेड़िया, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी सहित कई वरिष्ठ नेता मंचासीन थे। स्वागत उद्बोधन किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर जाट सागवा ने दिया और संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया।

पानी का सदुपयोग करना हर नागरिक का दायित्व : सांसद अग्रवाल

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

जल संरक्षण, ईंधन बचत और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भीलवाड़ा में 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' के तहत रविवार को साइकिल एवं पैदल रैली का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र तथा भीलवाड़ा साइकिल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली को सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी और जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए चित्रकूट धाम पर संपन्न हुई। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने वंदे गंगा अभियान को देशहित से जुड़ा जनआंदोलन बताते हुए कहा कि वर्तमान में जल संकट को देखते हुए पानी की एक-एक बूंद का सदुपयोग करना हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य और ईंधन की बचत के लिए साइकिल को एक बेहतरीन विकल्प बताया। वहीं, विधायक अशोक कोठारी ने खुद पूरी रैली में साइकिल चलाकर आमजन के सामने एक अनूठा उदाहरण पेश किया। उन्होंने कहा कि नियमित साइकिल चलाने से न केवल सेहत सुधरती है, बल्कि पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।

भाजपा नेता कैलाश चौधरी को 511 फीट की पगड़ी पहनाई

भीलवाड़ा । पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा के नेता कैलाश चौधरी के भीलवाड़ा आगमन पर भाजपा नेता राजस्थान जन मंच अध्यक्ष केलाश सोनी द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में 511 फीट की विशालकाय पगड़ी जब राजस्थान जन मंच के पदाधिकारी कार्यकर्ता द्वारा 100 से अधिक कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे जोश उत्साह के साथ अपने हाथ में पकड़े हुए किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष स्वयं केलाश चौधरी द्वारा बांधी जा रही थी तो सभी ने आश्चर्यचकित होकर इस पगड़ी को देखा पहली बार अपने हाथों से 511 फीट की पगड़ी किसी नेता ने अपने सिर पर बांधी थी । राजस्थान जन मंच टीम द्वारा सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रभु श्री राम का दुपट्टा पंचमुखी हनुमान की मूर्ति भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया । इस दौरान जयनारायण जोशी , शिवप्रकाश चन्दाल , सुभाष गोयल , रोहित भरावा , भानु सालवी, गो भक्त विनोद गाडरी किशोर लखवानी, रामचन्द्र मूंदड़ा, सौरभ माहेश्वरी , देवेन्द्र गोयल,कमलेश भारती, घनश्याम सिंघीवाल उपस्थित थे।

बद्रीनारायण ट्रस्ट ने पिलाई छाछ

भीलवाड़ा। शहर की पुरानी धानमंडी स्थित प्राचीन बद्रीनारायण भगवान मंदिर ट्रस्ट द्वारा भीषण गर्मी और नौतपा के प्रकोप को देखते हुए रविवार को एक सराहनीय पहल की गई। ट्रस्ट की ओर से आमजन की सेवा और धार्मिक भावना के तहत ठंडी छाछ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीखी धूप और तपन के बीच राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए यह आयोजन बड़ी राहत लेकर आया।

माता-पिता के सम्मान में रक्तदान शिविर आज, 1100 यूनिट का लक्ष्य

भीलवाड़ा। भीषण गर्मी के मौसम में अस्पतालों में होने वाली रक्त की किल्लत को दूर करने और पीड़ित मानवता की सेवा के लिए शहर में एक विशाल रक्तदान महाअभियान का आयोजन होने जा रहा है। गंगा फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सोमवार, 1 जून को 'वैश्विक माता-पिता दिवस' के उपलक्ष्य में एक 'विराट रक्तदान शिविर' आयोजित किया जाएगा।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड

CIN : L74999RJ1992PLC013387

पंजीकृत कार्यालय :- A-902 A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान – 301019

फोन नं. : 011-71239900, **ई-मेल :** hrd@titanbiotechltd.com, **वेबसाइट :** www.titanbiotechltd.com

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय निष्कर्षों का विवरण

(राशि लाख रुपये में) प्रति शेयर आय को छोड़कर

क्र. सं.	विवरण	स्टैंडअलोन				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2026	31.12.2025	31.03.2025	31.03.2026	31.03.2025
		अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	5,093.99	5,776.28	3,655.00	21,160.05	16,036.33
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (टैक्स, असामान्य एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	1,028.17	1,056.21	502.85	3,817.45	2,436.73
3	अवधि के लिए टैक्स पूर्व शुद्ध लाभ (असामान्य एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	1,028.17	1,056.21	502.85	3,817.45	2,436.73
4	अवधि के लिए टैक्स पश्चात शुद्ध लाभ (असामान्य एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	655.57	786.82	376.61	2,744.72	1,827.11
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (जिसमें अवधि के लिए लाभ (टैक्स पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (टैक्स पश्चात) शामिल है) (नोट 3 देखें)	641.44	788.65	370.80	2,736.07	1,834.41
6	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (रु. 2/- प्रति शेयर सममूल्य)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	अन्य इक्विटी, बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर	-	-	-	16,257.78	13,686.99
8	प्रति शेयर आय (रु. 2/- प्रत्येक) (क) बेसिक (ख) डायल्यूटिड	1.59 1.59	1.90 1.90	0.91 0.91	6.64 6.64	4.42 4.42

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय निष्कर्षों का विवरण

(राशि लाख रुपये में) प्रति शेयर आय को छोड़कर

क्र. सं.	विवरण	कंसोलिडेटेड				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2026	31.12.2025	31.03.2025	31.03.2026	31.03.2025
		अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	5,093.99	5,776.28	3,655.00	21,160.05	16,036.33
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (टैक्स, असामान्य एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	1,028.17	1,056.21	502.85	3,817.45	2,436.73
3	अवधि के लिए टैक्स पूर्व शुद्ध लाभ (असामान्य एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	1,028.17	1,056.21	502.85	3,817.45	2,436.73
4	अवधि के लिए टैक्स पश्चात शुद्ध लाभ (असामान्य एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	672.91	852.86	404.68	2,988.52	2,153.11
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (जिसमें अवधि के लिए लाभ (टैक्स पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (टैक्स पश्चात) शामिल है) (नोट 3 देखें)	658.61	854.69	398.87	2,979.70	2,160.44
6	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (रु. 2/- प्रति शेयर सममूल्य)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	अन्य इक्विटी, बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर	-	-	-	17,328.38	14,513.91
8	प्रति शेयर आय (रु. 2/- प्रत्येक) (क) बेसिक (ख) डायल्यूटिड	1.63 1.63	2.06 2.06	0.98 0.98	7.23 7.23	5.2 5.2

नोट्स :

1. उपरोक्त, 31.03.2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय निष्कर्षों के विस्तृत प्रारूप का एक निष्कर्ष है, जिसे सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत बीएसई लिमिटेड में दाखिल किया गया है। उक्त तिमाही एवं वर्ष के लिए स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय निष्कर्षों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** तथा कंपनी की वेबसाइट **www.titanbiotechltd.com** पर उपलब्ध है।
2. 31.03.2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए उपरोक्त स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय निष्कर्षों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई तथा इन्हें 30 मई 2026 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अभिलेख में लिया गया। कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा उपरोक्त निष्कर्षों की सीमित समीक्षा की गई है।
3. कंपनी ने कराधान कानून (संशोधन) अध्यादेश, 2019 द्वारा प्रस्तुत आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के अंतर्गत उपलब्ध विकल्प का प्रयोग करने का चयन किया है। तदनुसार, कंपनी ने 31.03.2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए आयकर का प्रावधान मान्यता प्राप्त किया है तथा उक्त धारा में निर्धारित दर के आधार पर अपने स्थगित कर शेष का पुनर्मापन किया है।
4. स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय निष्कर्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (समय-समय पर संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों ('इंड एएस') के अनुसार तैयार किए गए हैं, जो भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत हैं।
5. चालू वर्ष में जीएसटी सहित बिक्री की गणना के उद्देश्य से माल-भाड़ा राशि को प्रचालन से राजस्व में जोड़ा गया है। चालू वर्ष में राजस्व में इसके समावेशन के प्रभाव को निष्प्रभावी करने हेतु मालभाड़ा राशि को अन्य व्ययों के कुल में भी जोड़ा गया है।
6. वर्ष के दौरान कंपनी ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) व्यय के रूप में रु. 56.50 लाख का भुगतान किया।
7. इक्विटी शेयरों का उप-विभाजन 20 फरवरी, 2026 से प्रभावी किया गया, जो कि विद्यमान रु. 10/- प्रति शेयर सममूल्य वाले इक्विटी शेयरों को 1:5 के अनुपात में रु. 2/- प्रति शेयर सममूल्य वाले इक्विटी शेयरों में विभाजित करने हेतु निर्धारित रिकॉर्ड तिथि थी। परिणामस्वरूप, कंपनी की चुकता शेयर पूंजी 82,63,700 इक्विटी शेयरों (रु. 10/- प्रति शेयर सममूल्य) से परिवर्तित होकर 4,13,18,500 इक्विटी शेयरों (रु. 2/- प्रति शेयर सममूल्य) की हो गई है।
8. कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रति इक्विटी शेयर रु. 0.50 के लाभांश की अनुशंसा की है। उक्त लाभांश का भुगतान आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात किया जाएगा।

इन्हें यहां प्रदत्त QR कोड को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।

निदेशक मंडल की ओर से एवं उसके लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
नरेश कुमार सिंगल
प्रबंध निदेशक
DIN-00027448

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 30.05.2026